## जाति बदल कर की धोखाधड़ी

**अलवर।** अलवर तहसील में जाति बदलकर जमीन नाम कराने का एक ऐसा मामला सामने आया है इस फर्जीवाड़े में काश्तकार का साथ तत्कालीन पटवारी और तहसीलदार ने भी दिया अब उसी जमीन को उक्त काश्तकार ने फिर से जाति बदलकर उसी जमीन को अपने साले की पुत्र वधुओं और पोते की बहु के नाम कर दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अलवर तहसील अंतर्गत पड़ने वाले माचडी पंचायत के गांव अलापुर में एक जाटव परिवार की जमीन को पीपली का बास पंचायत पडीसल के रहने वाले राय सिक्ख ने खरीदा यहां से फर्जीवाडा शुरू होता है क्योंकि राय सिक्ख ओबीसी में आते है और ओबीसी एससी की जमीन की खरीद फरोस्त नही कर सकता इसके लिए उक्त राय सिक्ख ने अपने सालों की मिलीभगत करके अपने को मजबी सिख बनवाकर पटवारी के साथ मिलकर यह जमीन अपने नाम करवा ली क्योंकि मजबी सिख एससी में आते है और एससी ही एससी की जमीन खरीद सकता है यह मामला 22 जून 1989 का है जिसमें दो राय सिखों ने अपने को मजबी सिख बताकर कानून के साथ धोखाधडी की थी।

मामले से पर्दा जब उठा तब 4 मार्च 2025 को उसी जमीन को उक्त मजबी सिख ने वापिस जाति बदल कर अपने को राय सिख घोषित करते हुए अपने साले की पुत्रवधुओं ओर पोते की बहुओं के नाम कर दिया है। इस मामले में कानून विशेषज्ञों की राय ली तो उन्होंने बताया कि यह संगीन अपराध है और अगर एक ही धर्म का आदमी अपनी जाति बदल कर धोखाधडी करता है तो उसे जेल भी हो सकती है। इस मामले की तह तक जाने के लिए इस जमीन के सभी दस्तावेजों की नकल प्राप्त की जा रही है जिसे मिलने के बाद पूरा खुलासा किया जाएगा।

# रामभवन स्थित राम मंदिर भूमि विवाद को लेकर एकजुट हुए ग्रामीण

**पावटा।** कस्बा पावटा सुभाष चौक रामभवन स्थित भगवान श्रीराम का प्राचीन मन्दिर जो भामाशाह कोटपुतली निवासी गौरी सहाय के सुपुत्र प्रभुदयाल पटवारी की धर्मपत्नी घोटी देवी द्वारा विक्रम संवत 2016 में धर्मार्थ के लिए बनाया गया था। उसे परिवार के ही लोग जिन्हें भामाशाह ने मंदिर की देखरेख व रख रखाव के लिए नियुक्त किया था। वो ही अपने निजी स्वार्थ के लिए उसे बेचने पर तुले हुए है। जिसे लेकर भामाशाह द्वारा दान की गई मंदिर भूमि को बेचने की साजिश के खिलाफ बुधवार को पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर

■ **बैठक में शामिल पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने किया सभा को संबोधित**

के नेतृत्व व मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले टीलावत परिवार के , सत्यनारायण टीलावत, महेश टीलावतकी मौजूदगी में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर के नाम पाव टा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

वहीं दोपहर करीब 1 बजे मंदिर प्रांगण में परिसर बचाओ अभियान के लिए बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जहां पंडित सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में सभा में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के साथ साथ अन्य लोग भी पहुंचे। जहां रामभवन स्थित श्रीराम मंदिर की जमीन को कुछ लोगों द्वारा हड़पने की चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। वही भामाशाह परिवार सदस्य पूर्व वार्ड पार्षद सांवर मल बंसल ने मंदिर के नाम दान पत्र दिखाते हुए बताया कि मेरे दादाजी बनवारी लाल द्वारा सन 1958



ज्ञापन सौंपते हुए जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी पावटा को ज्ञापन सौंपा।

में मेरी बड़ी बुआ घोटी देवी को दान की गई थी। जिसका रजिस्टर्ड दानपत्र किया गया था। मंदिर के नाम से लगभग 22 बिस्वा जमीन है। जिसमें 11 बिस्वा में मंदिर निर्माण है व 11 बिस्वा खाली भूमि है। उसके बाद भामाशाह घोटी देवी द्वारा अपने खर्चे पर रामभवन का धर्मार्थ निर्माण करवाया गया। जिसका शिलालेख भवन पर लगा हुआ है। उसके बाद वो व्यापार के लिए झारखंड चले गए व घोटी देवी ने देखरेख व रख रखाव के लिए इसे अपनी बहन लिक्षमा देवी को सौंप दिया। इसमें दुकाने भी बनी हुई है जिससे मंदिर का खर्चा चलता था। भामाशाह परिवार 20-25 बाद आए तो इसमें से कुछ भूमि को जिन्हें देख रेख के लिएसौप गए थे उन्होंने बेच दी जिस पर उनमें आपस में विवाद हो गया। जिस पर इस संपति का विवाद कोर्ट में चला गया व इस पर स्टे लग गया। वही ज्यों लोग मालिक बन कर इसे बेच रहे है उनका कहना है कि भामाशाह घोटी देवी यह संपति हमें सौप गई थी हम चाहे इसे बेचे या कुछ भी करे। वही इस संपति को खरीदने को लेकर जिन दो लोगों पर आरोप लग रहा है। उनमें से विमल गर्ग ने बताया कि मेरा नाम इस संपति से गलत जोड़ा जा रहा है। में इस संपति से कोसों दूर हूं। मेरा कोई लेना देना नहीं है। केवल मंदिर निर्माण में सहभागिता को लेकर अपनी सहमति प्रदान की थी। इस संपति के क्रय विक्रय में मेरा कोई हाथ नहीं है और ना ही भविष्य में रहेगा। यदि भविष्य में मंदिर में किसी तरह का निर्माण कार्य होता है तो में हर सहयोग के लिए तैयार हूं। में जन भावनाओं के विरुद्ध नहीं हूं बल्कि उनके साथ हूं। वही नेता जगदीश डाबड, महादेव यादव, जगदीश मीणा, ओ पी बायला, बजरंगलाल, सुरेश कुमार बजरंगपुरा, पंडित सुरेश शर्मा, सुशील योगी, ओमप्रकाश गौड, विनोद यादव, एड. दीपक गोयल, विजय राठी, कैलाश चौधरी सहित वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह द्वारा जनता को समर्पित भवन व एक प्रसिद्ध मंदिर की भूमि और मंदिर को, उन देवी ओर दानवीरों, धर्मात्माओं के दूर के वंशज द्वारा भूमाफियाओं से मिल कर कुछ लोभ लालच में खरीद फरोख्त करने का प्रयास कर रहे है। जो कि पूर्णतः धर्म संगत नहीं हैं। यह पूरी तरह से हिंदू धर्म की मान्यताओं, परम्पराओं और समाज के खिलाफ है।

वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि भामाशाह ने अपनी पुण्य कमाई में से इस रामभवन व राम मंदिर का निर्माण करवाया है। जिसमें आगे दुकानों का निर्माण व पीछे भवन व मंदिर का निर्माण हो रखा है। दुकाने इस लिए बनवाई कि इन के खर्चे से मंदिर का रख रखाव हो सके। लेकिन इन दिनों पावटा कस्बे में भूमाफिया सक्रिय हो गए है ज्योंकि भामाशाह द्वारा दान की गई मंदिरों की भूमि को भी नहीं छोड़ रहे है। दो लोगों को मोहरा बनाकर करीब 66 साल से बने रामभवन व श्रीराम मंदिर भूमि को हड़पना चाहते है। मौके पर अधिकारियों को बुलाया गया लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। यह संपति भगवान राम की संपति है। सत्ताईसा क्षेत्र की जनता की संपति है।

कस्बा पावटा सुभाष चौक स्थित प्राचीन रामभवन व मंदिर पर भू माफियाओं द्वारा कब्ज़ा किया जा रहा है और इसमें कॉम्प्लेक्स बनाये जाने की योजना चल रही है। जो की सरासर ग़लत है। लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी। वही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह, राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि पिछले कई दिनों से हमारे यहाँ भू माफ़ियाओ का आतंक बढ़ता जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने भू माफ़ियाओ के सामने घुटने टेक दिये हैं। इसलिए रामभवन और मंदिर पर हो रहे कब्जे को तुरंत रोका जाए, भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता की जाँच की जाए। अगर हमारी माँगे नहीं मानी गईं, तो क्षेत्र की जनता मजबूर होकर सड़क पर उतरेगी और बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सम्मेलन को लेकर 9 जोड़ों का हुआ रजिस्ट्रेशन



श्री चिंताहरण गणेश जी के मंदिर में विवाह सम्मेलन के लिए गणेश निमंत्रण देते हुए श्रद्धालु।

**निवाई।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में सप्तम सर्व समाज निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर बुधवार को श्री चिंताहरण गणेश मंदिर में पंडित मोहनलाल शास्त्री खणदेवत के सानिध्य में संस्थान अध्यक्ष एवं नगर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने पूजा-अर्चना कर गणेश जी को निमंत्रण दिया।

पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में यह सातवां विवाह सम्मेलन है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रेल को राम नवमी पर्व पर ग्यारह जोडों का विवाह करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर 11 जोडों का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर 9 जोडों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिनमें 7 हिन्दु व 2 मुस्लिम जोडे है। हिन्दु जोडों का हिन्दु रीति रिवाज से पाणिग्रहण संस्कार किया जाएगा व मुस्लिम समाज के जोडों का निकाह किया जाएगा। पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि सम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है।

सम्मेलन का आयोजन श्याम मन्दिर के पास स्थित प्रांगण में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राम नवमी की सुबह 8:3० बजे चिन्ताहरण गणेश जी के मंदिर से निकासी रवाना होगी। सुबह साढे 1० बजे श्याम मंदिर पर तोरण की रस्म अदा की जाएगी। उसके पश्चात हिन्दु जोडों का पाणिग्रहण संस्कार व मुस्लिम जोडों का निकाह संपन्न होगा। इसके बाद आशीर्वाद समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान रवि अग्रवाल, अनिल पारीक सिरस, प्रदीप पारीक, आनन्द पारीक, सुलेखचंद गुप्ता, प्रदीप पारीक, अविनास पारीक, मोहित चँवरिया, विमल जौंला, विनोद होण्डा, चेतन पारीक व सर्वेश द्विवेदी सहित संस्थान के कई सदस्य मौजूद थे।

## राजा सिद्धार्थ व भगवान महावीर का सजा दरबार

**निवाई।** जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नसिंया जैन मंदिर के पास महावीर जयंती के महोत्सव के तहत शहर में घर घर मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सैकडों महिलाओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विमला देवी, पंकज जैन, रेखा भाणजा, राजकुमारी गिन्दोडी एवं आरव जैन ने भगवान महावीर स्वामी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण प्रियंका पराणा, निकिता जैन, राशि जैन, सीमा जैन एवं गुंजन जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया।

उन्होंने बताया कि घर घर मंगलाचार कार्यक्रम में भगवान महावीर का दरबार, पालना झूलाया, राजा सिद्धार्थ के साथ सामूहिक नृत्य जैसे अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने भगवान महावीर स्वामी के गीतों एवं भजनों पर जमकर नृत्य किए। राकेश संघी ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत मनीषा पहाडी, विनीता बगडी, मैना जैन, मंजू जैन, नीलम सोगानी, अर्चना सेदरिया, आभा जैन, आशा जैन, अनिता गोयल, राशि बोहरा, विमला पीपलू, अंजू जैन व रेखा जैन सहित कई महिलाओं एवं बालिकाओं ने भगवान महावीर स्वामी की महिमा पर सामूहिक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम करके भगवान महावीर का महत्व बताया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को भात कार्यक्रम वितरण किया गया।

# 'अलवर का मिनी सचिवालय बनेगा ग्रीन एनर्जी ऊर्जा भवन'



मिनी सचिवालय में अभिनव नवाचार का पौधे लगाकर शुभारंभ करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

**अलवर।** अलवर में जिला प्रशासन के मिनी सचिवालय भवन को ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा के एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने की दिशा में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अभिनव नवाचार कर सीएसआर के सहयोग से मियावाकी पद्धित से बुधवार को भवन में पौधे लगाए जाने के कार्य का शुभारंभ किया है।

इस अवसर पर एडीएम शहर बीना महावर, उप वन संरक्षक अलवर राजेंद्र हुड्डा, अलवर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, यशवंत मीणा, सुधीर माथुर, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी , नवीन सेन, अशोक पाठक, पं. नथूराम शास्त्री, मोहित सिंह, आशीष गुप्ता, नवीन कुमार, आशीष रावत, रामचरण शर्मा, राजेंद्र सिंह भाटी, भीम सिंह, नेतराम, राकेश वर्मा, अशीमा माथुर, माया गुप्ता, राजदीप शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को अर्णिमा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं चैम्बर ऑफ कॉमर्स अलवर के सीएसआर सहयोग के तहत 400 पौधे लगाकर मिनी सचिवालय के भवन को एनर्जी एफिसिएंट बिल्डिंग बनाने के नवाचार कार्य का शुभारंभ किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस नवाचार के तहत वन विभाग के तकनीकी सहयोग से मिनी सचिवालय परिसर में खाली पेचेज में सीएसआर के माध्यम से मियावाकी पद्धित से सघन पौधारोपण किया जाएगा, जिससे मिनी सचिवालय का स्वरूप ग्रीन इमारत के रूप में उभरेगा। इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआर एवं कर्मचारियों के सहयोग से मिनी सचिवालय भवन में गैलरी आदि स्थानों पर गमलो में पौधे लगाए गए है।

## हवन यज्ञ के साथ की नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत

**कोटपूतली।** जिले के ग्राम बागावास अहिरान स्थित अशोका द सोरिंग स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन यज्ञ के साथ की गई। इस मौके पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार शाखा कोटपूतली गायत्री परिजन किशनलाल शर्मा के दिशा निर्देशन में स्कूल प्रांगण में हवन किया गया। निदेशक इंजी. योगेश चौधरी, इंजी. राजेश चौधरी, इंजी. विक्रम कसाना ने हवन में आहुति देकर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर निदेशक इंजी. योगेश चौधरी ने कहा कि नये सत्र में सभी छात्रों को कड़ी मेहनत करनी चाहिये और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्कूल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। हवन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान शिक्षक राजेंद्र सैनी, प्रकाश ओला, गजल सोनी, विजय राठौड़, सीमा, रहीश वर्मा, अनीता, रविन्द्र कोच, मोनिका कौशिक, नजीरा, पुष्पा, पूनम, अंकिता आर्य, शबाना, मनीषा शर्मा आदि ने भी छात्रों को संबोधित किया। छात्रों ने नये सत्र के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुये कहा कि वे कड़ी मेहनत करेंगे तथा स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# केन्द्रीय गृहमंत्री शाह व सीएम के दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**पावटा।** कस्बे के अहीर की बावड़ी स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में मंगलवार को बस्तीनाथ महाराज के सानिध्य में वर्ष पर्यन्त चल रहे रूद्र महायज्ञ के समापन कार्यक्रम 6 अप्रेल 2025 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव के आगमन की तैयारियों को लेकर कस्बे स्तिथ पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कार्यक्रम को कुशलता पूर्वक संपन्न

■ **बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जागरूक अभियान को लेकर विचार विमर्श किया**

कराने के उद्देश्य से विधायक कुलदीप धनकड ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपनी अपनी तैयारियां पूर्ण करने के उद्देश्य से सभी अधिकारी अपने कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मात्र 3 दिन बचे हैं। अतः समस्त अधिकारियों के लिए समय बहुत कम है। अतः सभी अधिकारी गण अपनी तैयारियां तत्काल प्रभाव से पूर्ण करें।

उन्होंने हेलीपैड एवं बैरिकेडिंग के



गृहमंत्री शाह व सीएम के दौरे की तैयारियों को लेकर विराटनगर विधानसभा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई।

संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इसी प्रकार सुरक्षा के संबंध में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा गहनता के साथ सभी प्वाइंटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों को भी कार्यक्रम के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा अपने कार्य को समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उसके बाद जयपुर देहात उत्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी की अध्यक्षता व विधायक कुलदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनो के पीछे सनातन धर्म है जो जात पात को भेदकर हिन्दू संस्कृति को मजबूत बनाता है। विधायक ने कहा कि वर्ष पर्यन्त चले इस महायज्ञ के समापन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सहित सांसद, मंत्री व विधायक शामिल होंगे। शाह सबसे पहले बाबा बालकनाथ जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, फिर पंचमुखी महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे अखंड धूणे पर पुष्पांजलि अर्पित कर हवन में भाग लेंगे और यज्ञशाला में पूर्णाहुति देंगे। वे सनातन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे जागरूक अभियान को लेकर विचार विमर्श किया गया।

## विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**मानपुरा माचेड़ी।** पंचायत समिति कार्यालय जाँलसु में पंचायत समिति जाँलसु की साधारण सभा का आयोजन जाँलसु प्रधान हरदेव यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा में उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, स्थानीय विधायक प्रशांत शर्मा, उप जिलाप्रमुख मोहन डागर, विकास अधिकारी सुप्यार कटारिया, तहसीलदार रामचन्द्र गुर्जर, जालसु सरपंच संघ अध्यक्ष रामजीलाल यादव मौजूद रहे।

बैठक में डागर ने ब्लॉक के सभी राजस्व गांवों में शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था करने ,किसानों को कृषि कार्यो हेतु रात की बजाय दिन में विधुत आपूर्ति करने, टुटी हुई सडकों का नवीनीकरण करवाने, किसानों को ब्लॉक में किसान गोष्ठी का आयोजन कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, ग्राम पंचायतों द्वारा आबादी भूमि मे जरुरतमंद नागरिकों को निःशुल्क पट्टे आवंटित करने, राजकीय विधालयों में खेल मैदान आवंटन करने ,सहित बिजली, पानी, सड़क, सहित अन्य प्रमुख समस्याओं पर चर्चा कर प्रस्ताव रखे।इस दौरान बैठक में उप प्रधान सुमन देवी, सरपंच बबली सत्यनारायण शर्मा, सीता रमेश यादव, राजेन्द्र यादव, गंगा देवी,आशा देवी, कमला देवी, शैलेश बौहरा, मेनका देवी, पंचायत समिति सदस्य ऐश्वर्य अटल, जयराम कुमावत, कविता देवी, सन्तोष देवी, भगवान सहाय बुनकर सहित अन्य विभागों के प्रशानिक अधिकारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### नौकरी का झांसा, दो गिरफ्तार



**टोंक।** जिले के बडोली थाना क्षेत्र में गत 19 अक्टूम्बर 2016 में दर्ज एक मामले के अनुसार पीडित पक्षकार से विदेश में नौकरी दिलाई जाने का झांसा देकर आरोपी ने अपने खाते में चेक से राशि प्राप्त कर ली थी। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवा के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम व देवली वृताधिकारी रामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने 8 साल पुराने इस मामले के आरोपी दिलीप कुमार शर्मा उर्फ नरेश पुत्र रामकरण शर्मा उम्र 46 साल निवासी थाना रामगंज जयपुर एवं इस झालसाझी का मास्टर माइंण्ड पप्पू कुमार शाह पुत्र गौरीशंकर जाति तेली उम्र 47 साल निवासी थाना रामगंज क्षेत्र मूल निवासी टोल धमाना थाना झांझा जिला जमूई बिहार दोनो आरोपी आठ साल से फरार थे। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### नवोदय विद्यालय में चयन

**पावटा।** राज श्री इंटरनेशनल स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अवनी मोर्य, प्रियल यादव का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर संस्था द्वारा छात्र का माला व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मोहनलाल मौर्य कमल यादव, बृजमोहन यादव, विक्रम सिंह, रेखा यादव, वनिका चौहान, लक्ष्मी कंवर, रंजु गोयल, अन्नू चौहान ,शिवानी सैनी, ज्योति शर्मा शिक्षक रहे। अध्यक्षता डॉ ललिता यादव प्रिंसिपल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोहनलाल मौर्य ने बताया कि छात्र अवनी मोर्य, प्रियल यादव के सलेक्शन पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किए गए प्रयास रंग लाए। संस्था निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि छात्र- छात्राओ ने अपनी का सफलता का श्रेय संस्था व माता पिता को दिया। कार्यक्रम के सहनिदेशक सुनील कुमार यादव ने बताया कि कोई भी ऐसे विद्यार्थी जो दिव्यांग असहाय व गरीब हो उन्हें निशुल्क अध्ययन कराने के लिए हमेशा तत्पर है। इस कार्यक्रम में देवीलाल चौधरी, रामावतार यादव, रतनलाल बुनकर, गोपाल गुर्जर, रामकुमार बुनकर, बनवारी सैनी, अर्जुन सिंह, फूलचंद मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### चोरी का मामला दर्ज

**फुलेरा।** स्थानीय निवासी एवं पत्रकार योगेन्द्र गहलोत ने मंगलवार को थाने पर चोरी का मामला दर्ज करवाया है। गहलोत ने रिपोर्ट में बताया कि मैं 30 मार्च को अपने पारिवारिक कार्यक्रम में मेरे पैतृक गांव बर जिला ब्यावर गया हुआ था। इसके बाद मंगलवार को फुलेरा स्थित अपने घर पहुंचा। इसके बाद मैन गेट को अपनी चाबी से खोलकर अन्दर गया। तत्पश्चात कमरे के दरवाजे के ताले को मैंने खोलने हेतु जैसे ही आगे आया तो देखा कि मेरे कमरे की लाईट जली हुई थी, तथा ताला बाहर पलंग पर पड़ा हुआ मिला। जैसे ही टूटे हुये ताले को देखा व दरवाजे को धकेला तो सामान बिखरा पड़ा था व अलमारी के पूरे सामान को बाहर पटक रखा था। इसके साथ ही वहां पर रखे दो मिट्टी के गुल्लक फोड़कर उसमें रखे करीब 12000 हजार रुपये सहित चांदी की पायजेब, अंगूठी व बिछियां निकाल कर ले गये।

### मुख्य बाजार में पैदल गश्त की

**नारायणपुर।** वक्फ बोर्ड बिल के पेश होने के मद्देनजर नारायणपुर पुलिस ने बुधवार को कस्बे के मुख्य बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा अपनी टीम के साथ सुबह मुख्य बाजार पहुंचे और पैदल गश्त की। उन्होंने अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर सामान लगाने वाले दुकानदारों को समझाइश की और नाली के बाहर सामान न लगाने की अपील की, जिससे आमजन को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। गश्त के दौरान पुलिस ने हॉस्पिटल के सामने लगे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया और दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करें। इस दौरान 112 आपातकालीन सेवा और पुलिस गाड़ी भी मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। आमजन से भी अपील की गई कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से जरख की मौत

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत विजयपुरा में बुधवार को एक जरख की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वनपाल राम अवतार मीणा ने बताया कि ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक मृत जरख मिलने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच की, जिसमें पाया गया कि जरख के सिर और शरीर पर गहरे चोट के निशान थे। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे वन्यजीवों के लिए एक जलकुंड स्थित है, जहां से पानी पीकर जरख सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। मृत जरख नर था और उसकी उम्र करीब ढाई साल बताई जा रही है। वन विभाग ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृत जरख का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क पर स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वन्यजीवों की बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को जल्द ही ठोस कदम उठाने चाहिए। इस दौरान सरपंच मोहन लाल वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### हनुमानजी महाराज का मेला 8 अप्रैल को

**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ी (मामोड़) में स्थित तिराया वाले हनुमानजी महाराज का वार्षिक मेला 8 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। पुजारी भारत कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले के मुख्य आकर्षणों में दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाली कुश्ती दंगल रहेगी, जिसमें दूर-दराज से आए प्रसिद्ध पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। खासतौर पर कामड़े की कुश्ती 21 हजार रुपये की होगी, जिससे दंगल में खासा उत्साह देखने को मिलेगा। रात्रि 10 बजे से कृष्ण लोक कला मंडल हाथरस के कलाकारों द्वारा नौटंकी प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार प्रकाश सिंह सिसोदिया, लेखराज, रामप्रसाद राजस्थानी, भीमसिंह, चाँदतारा और कृष्णा कुमारी एंड पार्टी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। सम्पूर्ण रात्रि तक चलने वाली इस नौटंकी में दर्शकों के मनोरंजन का विशेष ख्याल रखा जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं और मेले में आने वाले लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

### रामनवमी को लेकर सर्वसमाज की बैठक

**टोंक।** नूतन नववर्ष कार्यक्रम के तहत रामनवमी मनाने को लेकर समारोह समिति के संरक्षक महाराज कोमलराम, रामनिवास व बाबूलाल शर्मा एवं अध्यक्ष दिनेश शर्मा की मौजूदगी में सर्वसमाज की बैठक सरस्वती विद्या मन्दिर यज्ञ के बालाजी में आयोजित की गई। डॉ. पंडित पवन सागर व महेन्द्र विजय ने बताया कि 6 अप्रैल रामनवमी को विभिन्न संगठनों द्वारा झांकियां निकाली जायेगी, जो राष्ट्रीय संयोजिका बीना छामुनिया, महाराणा प्रताप की झांकी भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, रामदरबार की झांकी विधा भारती समिति, महापुरुष चंद्रशेखर आजाद की झांकी हेमन्त सेन, हनुमानजी की झांकी व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनीष बंसल व पदाधिकारीयो, परमानन्द महाराज की झांकी परमानन्द छात्रावास व लड्डू किराड़, ज्योतिबाफुले की झांकी अखिलेश सैनी व सैनी समाज, महापुरुष शिवाजी महाराज की झांकी कार्तिक बम्ब व युवा मण्डल के नेतृत्व में निकाली जायेगी।